प्रेस नोट   जनपद रामपुर   दिनांक-04.03.2023

श्रीमान पुलिस अधीक्षक रामपुर के नेतृत्व में जनपद में शांति एवं सुरक्षा-व्यवस्था बनाये रखने व किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने हेतु ‘‘बलवा ड्रिल‘‘ का किया गया पूर्वाभ्यास

श्रीमान पुलिस अधीक्षक रामपुर श्री अशोक कुमार शुक्ला के नेतृत्व में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर डा0 संसार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद में किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के उद्देश्य से दिनांक 04.03.2023 को पुलिस लाइन ग्राउंड पर पुलिस टीम को दंगा निरोधक/बलवा निरोधक उपकरणों के प्रशिक्षण एवं अभ्यास का आयोजन किया गया। पुलिस बल के कर्मियों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का परीक्षण प्रदान किया गया व पुलिस बल को दंगाईयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके/गुर सिखाये गये। अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर बीतर करने के विभिन्न तरीकों के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार/लाठी चार्ज/आँसू गैस के गोले और दंगाईयों पर रबर के गोले/एंटी राइट गन/रबर बुलेट गन/टीयर गैस गन/हैंड ग्रेनेड/मिर्ची बम आदि शस्त्रों को चला कर पूर्वाभ्यास किया, साथ ही थानावार टीमें बनाकर दंगा नियत्रंण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास किया गया । कार्यवाही की गई ।